# संवाद

BSES
BSES Yamuna Power Limited
a joint venture with GONCTD

फरवरी - 2020

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

## बिजली के सुरक्षित इस्तेमाल और उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट सॉल्यूशन को बढ़ावा देने के लिए बीवाईपीएल व श्नाइडर के बीच साझेदारी

बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (बीवाईपीएल)और एनर्जी मैनेजमेंट व ऑटोमेशन में ग्लोबल लीडर श्नाइडर ने एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है। इस सिलसिले में बीवाईपीएल के बिजनेस हेड श्री ब्रजेश कुमार और श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया की डायरेक्टर, रिटेल सुश्री मोनालिसा बडोला ने एक एमओयू यानी मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर दस्तखत किए। इस मौके पर बीवाईपीएल के सीईओ श्री पी. आर. कुमार और श्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट श्री श्रीकुमार सी. आर भी मौजूद थे।

इस समझौते के तहत, पूर्वी और मध्य दिल्ली में रहने वाले बीवाईपीएल उपभोक्ताओं के लिए दो ऑफरिंग्स उपलब्ध होंगी। पहली ऑफरिंग में लोकल व आरडब्लूए द्वारा नॉमिनेट किए गए इलेक्ट्रिशियनों को बिजली सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे इंटरनल हाउस वायरिंग, शॉर्ट सर्किट से बचाव, बिजली जनित आग और ईएलसीबी/आरसीबी, आदि के बारे में शिक्षित व जागरूक किया जाएगा।

दूसरी ऑफरिंग में उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षा व होम ऑटोमेशन से जुड़े उत्पाद पेश किए जाएंगे, जिनकी बदौलत स्विच व उपकरणों को कनेक्टेड डिवाइस (आईओटी रेडी)के तौर पर विकसित कर उपभोक्ता अपने सामान्य घर को एक स्मार्ट होम में तब्दील कर सकते हैं। इन तकनीकों को प्रदर्शित करने के लिए पालयट प्रोजेक्ट के तौर पर कुछ घरों को स्मार्ट होम में बदला जाएगा। होम ऑटोमेशन सॉल्यूशन के अलावा, उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक दरों पर आरसीसीबी यानी रेसिड्यूअल करंट सर्किट ब्रेकर भी उपलब्ध होंगे।




कमरे से निकलते ही ऑफ हो जाएगी लाइट
...तो मोबाइल फोन से कंट्रोल कर सकेंगे बिजली के उपकरण

बीवाईपीएल व नाइडर के बीच समझौता

कमरे से निकलते ही स्वत: ऑफ हो जाएगी लाइट

घरों के इलेक्ट्रिक सिस्टम को स्मार्ट बनाने की योजना शुरू करेगी बीएसईएस

आपके कमरे से निकलते ही अब खुद बंद हो जाएगी लाइट

BYPL घरों को बनाएगी Smart Home, ऑटोमैटिक स्विच ऑफ होंगी कमरे से निकलते ही लाइटें, मोबाइल फोन से कंट्रोल होंगे घरों के स्विच

## सिर्फ एक एसएमएस की दूरी पर हैं बीवाईपीएल की सेवाएं

डुप्लिकेट बिल, ई–बिल, बिजली गुल, वॉल्टेज फ्ल्कचुएशन आदि शिकायतों के लिए

| सेवा | एसएमएस टेक्स्ट |
|---|---|
| डुप्लिकेट बिल | BSESYP< space >BILL< space > नौ अंकों का सीए नंबर |
| नया कनेक्शन | Type BSESYP < space > NCX<space> नौ अंकों का सीए नंबर |
| बिजली गुल | BSESYP < space >NC< space > नौ अंकों का सीए नंबर |
| वोल्टेज फ्लक्चुएशन | BSESYP < space >LV< space > नौ अंका का सीए नंबर |

*सेवाओं की पूरी लिस्ट के लिए लॉगऑन करें www.bsesdelhi.com*

**अपने एमएसएस टेक्स्ट को 5616107 पर भेजें।**

## हीटर व गीजर ने बढ़ाई दिल्ली में बिजली की मांग, पीक डिमांड पहुंची 5343 मेगावॉट

1 जनवरी 2020 का दिन वाकई काफी महत्वपूर्ण था। यह सिर्फ नए साल व दशक की शुरूआत भर नहीं था, बल्कि इस दिन दिल्ली ने सर्दियों में बिजली की पीक डिमांड के पिछले सारे रेकॉर्ड्स तोड़ डाले। इस दिन यहां बिजली की पीक डिमांड 5343 मेगावॉट पहुंच गई थी। इसने 30 दिसंबर 2019 को तब तक की सर्वाधिक मांग यानी 5298 मेगावॉट के रेकॉर्ड को तोड़ दिया। इससे पहले, 1 जनवरी 2019 को बिजली की पीक डिमांड 4472 मेगावॉट पहुंची थी। यानी, 1 जनवरी 2019 से 1 जनवरी 2020 के बीच, सर्दियों के सीजन में बिजली की पीक डिमांड में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

हीटिंग लोड यानी हीटर व गीजर इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण हैं। अनुमानों के मुताबिक, दिल्ली में सर्दियों में बिजली की मांग का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हीटिंग लोड का है।

## डीजी सेट का इस्तेमाल न करें, बीएसईएस से बिजली का अस्थायी कनेक्शन लें

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए, ईपीसीए यानी एनवायर्नमेंट पॉल्यूशन कंट्रोल अथॉरिटी ने दिल्ली में डीजल जेनरेटरों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। लेकिन, बीएसईएस उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप विभिन्न कार्यक्रमों/ शादियों/ धार्मिक आयोजनों/ ई–रिक्शा चार्जिंग और अन्य उद्देश्यों के लिए बिजली का परेशानीमुक्त, अस्थायी कनेक्शन ले सकते हैं। यह सस्ता है, सुरक्षित है, शोरमुक्त है और प्रदूषण रहित भी।

बिजली के तत्काल कनेक्शन के लिए:

- कॉल करें: 19122/39999808
- बीवाईपीएल के निकटतम डिविजन ऑफिस में विजिट करें
- बीएसईएस वेबसाइट/मोबाइल ऐप पर आवेदन व भुगतान करें




** *नियम व शर्तें लागू*

## फीडबैक

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय: शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032
सीआईएन: CIN:U40109DL2001PLC111525
फोन: 11-4124-7111/4124-9273
ईमेल: bypl.feedback@relianceada.com,
वेबसाइट: www.bsesdelhi.com

## मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं




टॉल फ्री 24x7 19122

कॉल 24x7 011-399 99 808

एसएमएस 5616108

बिजली चोरी संबंधी 8588892156
बिजली गुल की शिकायत 8745999808

स्ट्रीटलाइट 41999808

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारा मुद्रित